DEVI AHILYA VISHWAVIDYALAYA, INDORE

# INSTITUTE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY

# IET-DAVV

*At the Forefront of Engineering Education*

Devi Ahilya Vishwavidyalaya • NAAC Accredited ‘A+

## Udaan 2026 Report

,

LEARN • INNOVATE • RESEARCH • CONNECT • LEAD

## प्रस्तावना (Introduction)

संस्थान (IET DAVV) द्वारा नवप्रवेशित विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं व्यक्तित्व विकास की नींव रखने हेतु सात-दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम 'उड़ान-2026' का गरिमामयी आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रथम वर्ष के नवागंतुकों को इंजीनियरिंग के नए परिवेश में सुगम प्रवेश सुनिश्चित करना तथा उन्हें संस्थान की विविध कार्यप्रणालियों से परिचित कराना था। मुख्य ऑडिटोरियम से लेकर विभागीय स्तर तक आयोजित इन सत्रों में अकादमिक उत्कृष्टता, सांस्कृतिक मूल्यों, स्वास्थ्य चेतना एवं भविष्योन्मुखी करियर मार्गदर्शन का एक अभूतपूर्व समन्वय परिलक्षित हुआ।

## कार्यक्रम के उद्देश्य (Objectives of the Programme)

- नवागंतुक विद्यार्थियों को संस्थान की शैक्षणिक नीतियों, प्रशासनिक ढाँचे एवं सीबीसीएस (CBCS) परीक्षा प्रणाली से पूर्णतः अवगत कराना।
- विद्यार्थियों के सर्वांगीण उत्थान हेतु व्यक्तित्व परिष्करण, मानसिक स्वास्थ्य एवं नैतिक मूल्यों के प्रति संवेदनशील मार्गदर्शन प्रदान करना।
- संस्थान में उपलब्ध तकनीकी क्लबों, सांस्कृतिक मंचों, खेलकूद एवं अन्य सह-शैक्षणिक गतिविधियों की व्यापक संभावनाओं से परिचित कराना।
- अनुभवी पूर्व छात्रों (Alumni) एवं उद्योग जगत के विशेषज्ञों के साथ संवाद स्थापित कर भविष्य की करियर राहों हेतु प्रेरित करना।

## कार्यक्रम की रूपरेखा (Programme at a Glance)

- **Day 1 (17th August):** उद्घाटन सत्र, अकादमिक दिशा-निर्देश, साइबर सुरक्षा एवं सांस्कृतिक जड़ों की ओर
- **Day 2 (18th August):** कौशल संवर्धन, करियर जागरूकता एवं एलुमनाई संवाद
- **Day 3 (19th August):** विभागीय इंडक्शन - मैकेनिकल, सिविल एवं इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन
- **Day 4 (20th August):** विभागीय इंडक्शन - कंप्यूटर साइंस एवं इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी
- **Day 5 (21st August):** विभागीय इंडक्शन - इलेक्ट्रिकल, ई एंड आई तथा ई ऐंड टी-सी
- **Day 6 (22nd August):** विभागीय इंडक्शन - सीएसबीएस, बी. डिज़ाइन एवं एप्लाइड साइंसेज
- **Day 7 (24th August):** श्री विक्रम हजरा द्वारा संगीतमय भजन सत्र एवं आध्यात्मिक चेतना

# Timeline of “उड़ान”

# First Year Induction Program 2026

## 17th August 2026

| Time Slot | Session/Topic | Speaker/ Details |
|---|---|---|
| 02:00 PM | Assemble | - |
| 02:20 PM – 03:00 PM | Inauguration<br>1. Vande Matram<br>2. Kulgeet<br>3. Saraswati Vandana<br>4. Addressing the audience. | Dr. Suwarna Torgal,<br>Dr. Pratosh Bansal<br>(Director IET,DAVV) |
| 03:00 PM – 03:30 PM | Cybersecurity Session | Mr. Rajesh Dandotiya |
| 03:30 PM – 03:45 PM | Club Video(E-cell, IET Social) | - |
| 03:45 PM – 04:15 PM | स्व का महत्व | Mr. Yash Bhargav |
| 04:15 PM – 04:35 PM | Administrative Info & Scholarships | Dr. Paresh Atri, Administrative Head |
| 04:35 PM – 04:40 PM | Club Video ( Team Hawk ) | - |
| 04:40 PM – 05:10 PM | स्वस्थ जीवन एवं स्वस्थ भारत | Mr. Anurag Panwel |
| 05:10 PM – 05:30 PM | NSS- (Nukkad Natak+ video) | - |
| 05:30 PM – 05:35 PM | Mimicry | Mr.Ansh Jaiswal |

## 18th August 2026

| Time Slot | Session/Topic | Speaker/ Details |
|---|---|---|
| 02:00 PM | Assemble | - |
| 02:30 PM – 03:00 PM | Motivation Session | Mr. Pawan Padiyar |
| 03:00 PM – 03:20 PM | Pratyaksh Club (video+performance) | Act Name-Anupama |
| 03:20 PM – 03:23 PM | Krishna Ki Chetavani | Mr. Harshvardhan Bansal |
| 3:23 PM - 3:33 PM | GDG + Spark(Club video) | - |
| 3:33 PM - 4:00 PM | Motivational Session | Comm. Yatish Chaturvedi |
| 4:00 PM - 4:05 PM | Robotronics Club Video | - |
| 4:05 PM - 4:10 PM | Group Dance(2nd year) | Mr. Anurag Panwel |
| 4:10 PM - 4:30 PM | T&P | Dr.Govind Maheshwari |
| 4:30 PM – 4:40 PM | Rudra (Performance+ Video) | - |
| 4:40 PM – 4:55 PM | Thanks giving and induction team photo | Dr. Suwarna Torgal |
| 4:55 PM Onwards | Goonj Band (performance +video) | - |

## 19th August 2026

| Sequence | Session/Topic | Speaker/ Details |
|---|---|---|
| 1 | Welcome & Introduction | Dr. Suwarna Torgal |
| 2 | Department Introduction (Mech & IP) | Dr. Ashesh Tiwari (HOD) |
| 3 | Department Introduction (Civil) | Dr. Vijay Karma (HOD) |
| 4 | Career Guidance & GATE | Dr. Govind Maheshwari |
| 5 | Sports & Achievements | Dr. Devendra Verma |
| 6 | Examination System & Rules | Dr. Uma Bhatt |
| 7 | Administrative Info & Discipline | Dr. Paresh Atri |
| 8 | Technical & IT Facilities | Dr. Rohit Pathak & Dr. Vaibhav Jain |
| 9 | Alumni Network | Dr. Sharad Choudhary |
| 10 | Lab Visits | Faculty Experts |

## 20th August 2026

| Sequence | Session/Topic | Speaker/ Details |
|---|---|---|
| 1 | Welcome & Introduction | Dr. Vrinda Tokekar |
| 2 | Department Introduction (CS) | Dr. Ashish Jain (HOD) |
| 3 | Department Introduction (IT) | Dr. Hemant Makwana |
| 4 | Examination System & Rules | Dr. Uma Bhatt |
| 5 | Career Guidance & Placement | Dr. Govind Maheshwari & Seniors |
| 6 | Sports & Achievements | Dr. Devendra Verma |
| 7 | Administrative Info & Scholarships | Dr. Paresh Atri |
| 8 | IT Facilities & Library | Dr. Rohit Pathak & Dr. C.P. Patidar |
| 9 | Clubs & Alumni Network | Dr. Amit Mittal, Dr. Vivek Kapoor, Dr. Sharad Choudhary |
| 10 | Internship Experiences & Unity | Dr. Ravindra Yadav & Mr. Ravindra Verma |

## 21st August 2026

| Sequence | Session/Topic | Speaker/ Details |
|---|---|---|
| 1 | Department Introduction & Placements | Mr. Ajay Verma (HOD) |
| 2 | E&I Branch Intro & Career Opportunities | Dr. Shivangi Bande |
| 3 | Branch Objectives, Projects & Internships | Dr. Ravi Singhal |
| 4 | Resume Building & Higher Education | Faculty Experts |
| 5 | Labs, Practical Learning & Minor Degree | Faculty Experts |

## 22nd August 2026

| Sequence | Session/Topic | Speaker/ Details |
|---|---|---|
| 1 | Department Intro (B.Design) | Dr. Devendra Verma (HOD) |
| 2 | Department Intro (CSBS) | Mr. Chandra Prakash Patidar (HOD) |
| 3 | Academic, Career & Professional Growth | Prof. Dheeraj Mandloi |
| 4 | Sports & Achievements | Dr. Devendra Verma |
| 5 | Alumni Network | Mr. Sharad Choudhary |
| 6 | Career Disha & Guidance | Mr. Ravindra Ji & Mr. Sharad Lad (CPC) |
| 7 | College Email & Network Services | Mr. Vaibhav Jain |
| 8 | Examination System & Rules | Mrs. Uma Bhatt |
| 9 | Administrative Guidelines & Scholarships | Mr. Paresh Atri |

## 24th August 2026

| Sequence | Session/Topic | Speaker/ Details |
|---|---|---|
| 1 | Photovista & Program Recap | - |
| 2 | Welcome of Guest | Dr. Pratosh Bansal & Dr. Suwarna Torgal |
| 3 | Musical Bhajan Session & Bhagavad Gita | Shri Vikram Hazra |
| 4 | Art of Living / YES+ Session | Mr. Sunil Jain |
| 5 | Business & Personal Development | Mr. Harsh Saini |
| 6 | Ayurveda & Lifestyle | Dr. Rashi |
| 7 | Closing Bhajan Performance | Dr. Khushi & Ritwik |

## Day 1 (17th August): 'उड़ान-2026' के प्रथम दिवस का संक्षिप्त प्रतिवेदन

'उड़ान-2026' के प्रथम दिवस पर विद्यार्थियों के लिए अकादमिक मार्गदर्शन, प्रेरणा, भारतीय संस्कृति, साइबर सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक जागरूकता से जुड़े विविध सत्र आयोजित किए गए। संस्थान के निदेशक, डॉ. प्रतोष बंसल, ने विद्यार्थियों को देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के निर्माण एवं विकास की यात्रा से परिचित कराया तथा IET में उपलब्ध अकादमिक अवसरों के बारे में मार्गदर्शन दिया। उन्होंने द्वितीय वर्ष एवं आगे के विद्यार्थियों के लिए प्रारंभ किए गए माइनर डिग्री प्रोग्राम, कंप्यूटिंग सुविधाओं तथा इनके बेहतर उपयोग की जानकारी दी। विद्यार्थियों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए उन्होंने अकादमिक उपलब्धियों के साथ-साथ अपनी विशिष्ट पहचान बनाने और सुनियोजित रूप से करियर निर्माण करने के महत्व पर भी बल दिया।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (क्राइम ब्रांच), श्री राजेश दंडोतिया, साइबर जागरूकता एवं नशा विरोधी अभियानों में सक्रिय हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए अपने जीवन के संघर्षों एवं अनुभवों को साझा कर उन्हें प्रेरित किया। साइबर सुरक्षा के संदर्भ में उन्होंने Zero Trust Policy की अवधारणा समझाई। साथ ही, अंग्रेजी सीखने के अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होंने मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध किए जा रहे प्रयासों से भी विद्यार्थियों को अवगत कराया।

अधिवक्ता एवं यंग थिंकर्स फोरम, मालवा के संयोजक, श्री यश भार्गव, ने 'स्व का महत्व' विषय पर भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं के महत्व को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों को अपनी सांस्कृतिक पहचान समझने, उसके वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक आधार को जानने तथा उसका सम्मान करने के लिए प्रेरित किया। इस संदर्भ में उन्होंने भारतीय कालगणना एवं CERN में स्थापित नटराज प्रतिमा का भी उल्लेख किया।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विद्यार्थी क्लबों (ई-सेल, आईईटी सोशल, टीम हॉक) की गतिविधियों से परिचित कराने वाले वीडियो भी प्रदर्शित किए गए। NSS के विद्यार्थियों ने प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे की लत एवं एड्स के प्रति जागरूकता का संदेश दिया तथा युवाओं को नशे से दूर रहने और रक्तदान के लिए प्रेरित किया। आज की निर्धारित गतिविधियों में क्लब वीडियो तथा NSS नुक्कड़ नाटक भी सम्मिलित थे।

वरिष्ठ हिप एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन, इंदौर एवं हिप आर्थोस्कोपी विशेषज्ञ, डॉ. अनुराग पनवेल, ने 'स्वस्थ जीवन एवं स्वस्थ भारत' विषय पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए खाद्य मिलावट, स्वास्थ्य जागरूकता एवं स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर उपयोगी जानकारी साझा की।

कुल मिलाकर, 'उड़ान-2026' का प्रथम दिवस विद्यार्थियों के लिए ज्ञान, प्रेरणा, संस्कृति, तकनीकी जागरूकता, स्वास्थ्य चेतना एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का समन्वय रहा। विभिन्न सत्रों ने नवप्रवेशित एक हजार से अधिक विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय एवं संस्थान को समझने के साथ-साथ अपने व्यक्तित्व, अकादमिक जीवन और भविष्य के करियर के प्रति सजग दृष्टिकोण विकसित करने का अवसर प्रदान किया।


INSTITUTE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
Devi Ahilya Vishwavidyalaya , Indore
WELCOMES YOU TO
उड़ान
— Student Induction Programme 2026 —
DAY - 1
17th August 2026
University Auditorium, Khandwa Road, DAVV , Indore

 
Indore, Madhya Pradesh, India

 

## Day 2 (18th August): 'उड़ान-2026' के द्वितीय दिवस का संक्षिप्त प्रतिवेदन

'उड़ान-2026' के द्वितीय दिवस का आयोजन विद्यार्थियों के मार्गदर्शन, कौशल विकास, करियर जागरूकता एवं व्यक्तित्व निर्माण के उद्देश्य से किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत श्री धीरज मंडलोई, प्रथम वर्ष समन्वयक द्वारा 'Guardian Buddy (गार्जियन बडी)' योजना के परिचय से हुई। उन्होंने रैगिंग एवं अनुशासनहीनता को रोकने तथा हॉस्टल में रहने वाले गैर-स्थानीय विद्यार्थियों को शैक्षणिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में सहयोग प्रदान करने पर जोर दिया।

परियोजना प्रबंधन विशेषज्ञ, श्री पवन पड़ियार ने इंदौर मेट्रो एवं मुंबई कोस्टल प्रोजेक्ट्स के अनुभव साझा किए। उन्होंने विद्यार्थियों को तकनीकी एवं संचार कौशल, टीमवर्क तथा चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रेरित किया और टनलिंग तकनीक एवं मध्य प्रदेश में बढ़ते आधारभूत संरचना के अवसरों से अवगत कराया।

पूर्व छात्र संघ एलुमनाई, अध्यक्ष श्री प्रीतेश महाजन, आईईटी डीएवीवी ने विद्यार्थियों से संवाद किया।

भारतीय नौसेना, प्रशिक्षक, मिलिट्री कॉलेज ऑफ टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग (MCTE), महू में प्रतिनियुक्ति पर

एलुमनाई कमांडर यतीश चतुर्वेदी ने IET DAVV से अपने व्यावसायिक जीवन की यात्रा तथा गूँज रॉक बैंड के गठन की प्रेरणादायक कहानी साझा की। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, आत्मविश्वास एवं टीमवर्क का महत्व समझाते हुए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) के विवेकपूर्ण उपयोग, पुस्तकों के अध्ययन तथा सोशल मीडिया एवं नशे जैसी गतिविधियों से सावधान रहने की सलाह दी।

इसके पश्चात टीम स्पार्क इग्नाइटेड, आईईटी डीएवीवी की वाहन डिजाइनिंग टीम एवं गूगल डेवलपर ग्रुप्स का परिचय कराया गया।

कार्यक्रम में आईईटी डीएवीवी के नाट्य क्लब 'प्रत्यक्ष (Pratyaksh)' द्वारा 'अनुपमा की अदालत', समूह नृत्य एवं रुद्र नृत्य क्लब की नृत्य प्रस्तुति ने सांस्कृतिक उत्साह बढ़ाया।

सेंट्रल प्लेसमेंट सेल हेड, डॉ. गोविंद माहेश्वरी, आईईटी डीएवीवी ने विद्यार्थियों को करियर योजना एवं प्लेसमेंट के संबंध में मार्गदर्शन दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को तकनीकी एवं कोर क्षेत्रों के बारे में जानकारी प्राप्त करने तथा विभिन्न करियर विकल्पों का अन्वेषण करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने 'Career Disha (करियर दिशा)' के माध्यम से उपलब्ध अवसरों में सक्रिय भागीदारी तथा 'Career Sidhi (करियर सिद्धि)' के माध्यम से अपने करियर लक्ष्यों को व्यवस्थित रूप से क्रियान्वित करने पर जोर दिया।

अंत में उड़ान 'स्टूडेंट इंडक्शन प्रोग्राम 2026' की मुख्य संयोजक डॉ. सुवर्णा तोरगल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। इसके बाद गूँज बैंड की संगीतमय प्रस्तुति ने कार्यक्रम का समापन किया।

समग्र रूप से, द्वितीय दिवस विद्यार्थियों के लिए तकनीकी ज्ञान, करियर मार्गदर्शन, टीमवर्क एवं व्यक्तित्व विकास का प्रभावी मंच रहा।


INSTITUTE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
Devi Ahilya Vishwavidyalaya, Indore
WELCOMES YOU TO
उड़ान
— Student Induction Programme 2026 —
DAY - 2


Indore, Madhya Pradesh, India
Devi Ahilya Vishwa Vidyalaya, Indore, Madhya Pradesh 452001, India
Lat 22.687141, Long 75.878884
Tuesday, 18/08/2026 02:45 PM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera







## Day 3 (19th August): मैकेनिकल, सिविल और इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन (IP) शाखाओं के इंडक्शन कार्यक्रम का प्रतिवेदन

IET DAVV में मैकेनिकल, सिविल और इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन (IP) शाखाओं के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष इंडक्शन एवं परिचयात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को विभाग, शैक्षणिक प्रणाली और कॉलेज की सुविधाओं से अवगत कराना था। कार्यक्रम के प्रमुख बिंदु निम्नलिखित रहेः

कार्यक्रम का शुभारंभ : कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. स्वर्णा टोरगल के परिचयात्मक उद्बोधन (Introduction) के साथ हुई, जिन्होंने सभी विद्यार्थियों का स्वागत किया और कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।

मैकेनिकल इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष (HOD) डॉ अशेष तिवारी ने मैकेनिकल और IP शाखाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विभागीय फैकल्टी, लैब्स, क्लब्स और प्लेसमेंट रिकॉर्ड से विद्यार्थियों को अवगत कराया। साथ ही, माइनर डिग्री और टेक इलेक्टिव्स (Tech Electives) के बारे में बताते हुए कक्षा में उपस्थिति (Attendance) के महत्व पर विशेष जोर दिया और विद्यार्थियों के सवालों के जवाब दिए।

सिविल इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष (HOD) डॉ. विजय कर्मा ने सिविल विभाग की कार्यप्रणाली और संभावनाओं के बारे में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

करियर मार्गदर्शन एवं GATE : डॉ. गोविंद माहेश्वरी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए GATE परीक्षा की तैयारी के साथ-साथ Career Siddhi और Career Disha इनिशिएटिव्स के माध्यम से भविष्य संवारने की जानकारी दी।

खेल एवं उपलब्धियां : डॉ. देवेंद्र वर्मा ने ISC, यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स (University Sports) और IET की विभिन्न उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताया।

परीक्षा प्रणाली एवं नियमः डॉ. उमा भट्ट ने CBCS सिस्टम, सेमेस्टर-वार विषयों, SGPA और CGPA की गणना, परीक्षा स्कीम तथा UFM (Unfair Means) के सख्त नियमों के बारे में जागरूक किया।

प्रशासनिक जानकारी एवं अनुशासनः डॉ. परेश अत्री ने फीस, स्कॉलरशिप, एंटी रैगिंग नियमों और परिसर में अनुशासन बनाए रखने से संबंधित महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।

तकनीकी एवं IT सुविधाएं : डॉ. रोहित पाठक ने 'IET Connect' और कॉलेज की वेबसाइट पर उपलब्ध विभिन्न पोर्टल्स की कार्यप्रणाली समझाई। वहीं, डॉ. वैभव जैन ने विद्यार्थियों को आधिकारिक कॉलेज ईमेल आईडी (College Mail ID) और कैंपस इंटरनेट सुविधाओं के उपयोग के बारे में बताया।

एल्युमनी नेटवर्क : डॉ. शरद चौधरी ने मजबूत एल्युमनी नेटवर्क के महत्व को साझा किया और कोर (Core) इंजीनियरिंग से टेक (Tech) क्षेत्र में ट्रांजिशन करने के अवसरों व रणनीतियों पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम का समापन

इस परिचयात्मक सत्र के पश्चात कार्यक्रम का समापन विभागीय लैब भ्रमण (Lab Visits) के साथ हुआ, जहाँ विद्यार्थियों ने कॉलेज की प्रयोगशालाओं और तकनीकी सुविधाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन किया।










A-BLOCK MECHANICAL ENGINEERING

# Day 4 (20th August): कंप्यूटर साइंस एवं इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी शाखाओं के इंडक्शन कार्यक्रम का प्रतिवेदन

IET DAVV में कंप्यूटर साइंस एवं इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी शाखाओं के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष इंडक्शन एवं परिचयात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को विभाग, शैक्षणिक प्रणाली, करियर के अवसरों और कॉलेज की सुविधाओं से अवगत कराना था। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. वृंदा टोकेकर के परिचयात्मक उद्बोधन के साथ हुई, जिन्होंने कॉलेज, फैकल्टी और बुनियादी सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी।

इसके बाद कंप्यूटर साइंस के विभागाध्यक्ष डॉ. आशीष जैन ने सभी का स्वागत करते हुए बताया कि संस्थान की स्थापना 1996 में हुई थी। उन्होंने विभाग के ग्लोबल विजन, जिसमें अनुसंधान, नवाचार, शिक्षा, नैतिकता और नेतृत्व शामिल हैं, को साझा किया। उन्होंने CS में 120 सीटों, M.Tech में 18 सीटों और 15 स्थायी फैकल्टी की जानकारी दी, साथ ही सभी 8 सेमेस्टर के विषयों का संक्षिप्त विवरण और लैब्स की झलक प्रस्तुत की।

IT विभाग का परिचय देते हुए डॉ. हेमंत मकवाना ने IT शाखा और मार्कशीट से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें साझा कीं। परीक्षा प्रणाली एवं नियमों के संबंध में डॉ. उमा भट्ट ने किताबों के महत्व, 100 अंकों की मूल्यांकन प्रणाली, क्रेडिट सिस्टम, ग्रेडिंग स्केल, प्रमोशन और बैक के नियमों के साथ-साथ UFM और रिव्यू प्रक्रिया के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक किया।

करियर मार्गदर्शन एवं प्लेसमेंट सत्र में डॉ. गोविंद माहेश्वरी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए द्वितीय वर्ष में प्राथमिकताओं को तय करने पर जोर दिया और Career Disha व Career Siddhi इनिशिएटिव्स के माध्यम से भविष्य संवारने की जानकारी दी। वहीं, सीनियर्स ने Mastercard और Barclays से मिले अपने प्री-प्लेसमेंट ऑफर्स के अनुभव साझा किए और निरंतर अच्छा CGPA बनाए रखने की सलाह दी।

खेल एवं उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए डॉ. देवेंद्र वर्मा ने ISC स्पोर्ट्स क्लब, स्फूर्ति इवेंट और ब्रांच वाइज खेलों के अवसरों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने पढ़ाई से समझौता किए बिना DAVV मुख्य परिसर की खेल सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

प्रशासनिक जानकारी एवं अनुशासन के अंतर्गत डॉ. परेश अत्री ने 31वें बैच का स्वागत किया और फीस, यूनिवर्सिटी एनरोलमेंट, एंड-सेम परीक्षा पंजीकरण व विभिन्न स्कॉलरशिप्स जैसे पोस्ट-मैट्रिक, सक्षम और NPS से संबंधित महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विद्यार्थी केवल एक स्कॉलरशिप ले सकते हैं, जिसके लिए बैंक खाता आवश्यक है। स्कॉलरशिप के लिए मुकेश गुप्ता सर से रूम नंबर 102 में संपर्क किया जा सकता है।

तकनीकी एवं IT सुविधाओं के अंतर्गत डॉ. रोहित पाठक ने कैंपस एवं विभिन्न पोर्टल्स की कार्यप्रणाली समझाई, जबकि डॉ. सी.पी. पाटीदार ने लाइब्रेरी समय एवं वैध ड्राइविंग लाइसेंस के साथ वाहन चलाने के प्रति जागरूक किया। क्लब्स एवं एल्युमनी नेटवर्क सत्र में डॉ. अमित मित्तल ने GDG, डॉ. विवेक कपूर ने IEEE तथा डॉ. शरद चौधरी ने एल्युमनी नेटवर्क के महत्व पर जानकारी दी। डॉ. रवींद्र यादव ने अटल टनल इंटर्नशिप के अनुभव साझा किए और श्री रवींद्र वर्मा ने सहयोग एवं एकजुटता का संदेश दिया।

समग्र रूप से, यह इंडक्शन कार्यक्रम CS एवं IT के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक रहा तथा उनकी चार वर्षीय इंजीनियरिंग यात्रा के लिए स्पष्ट दिशा एवं सर्वांगीण विकास का मार्गदर्शन प्रदान किया।










BenQ

# Day 5 (21st August): इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग शाखाओं के इंडक्शन कार्यक्रम का प्रतिवेदन

IET DAVV में इलेक्ट्रिकल, ई एंड आई तथा ई ऐंड टी-सी शाखाओं के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष इंडक्शन एवं परिचयात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को संबंधित शाखाओं, विभागीय फैकल्टी, प्लेसमेंट, करियर के अवसरों, उच्च शिक्षा, परियोजनाओं, इंटर्नशिप तथा संस्थान में उपलब्ध तकनीकी सुविधाओं से अवगत कराना था।

विभागीय परिचय एवं प्लेसमेंट उपलब्धियां : श्री अजय वर्मा, विभागाध्यक्ष (HOD), EI एवं EEE विभाग ने विद्यार्थियों को विभाग की फैकल्टी तथा उनकी विभिन्न उपलब्धियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विभाग के प्लेसमेंट प्रदर्शन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि लगभग 40 विद्यार्थियों का विभिन्न कंपनियों में प्लेसमेंट हुआ है। उन्होंने विद्यार्थियों को विभाग में उपलब्ध शैक्षणिक एवं व्यावसायिक अवसरों का प्रभावी रूप से उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।

ई एंड आई शाखा का परिचय एवं करियर के अवसर : डॉ. शिवांगी बांडे, EEE शाखा, EI विभाग ने विद्यार्थियों को EEE शाखा तथा इसके भविष्य के व्यापक क्षेत्र के बारे में जानकारी दी। उन्होंने अच्छे प्लेसमेंट के लिए आवश्यक प्रमाणपत्रों (Certifications) के महत्व पर विशेष जोर दिया तथा विद्यार्थियों को अपने तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ संबंधित क्षेत्रों में आवश्यक कौशल एवं प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने रेलवे एवं रक्षा क्षेत्र सहित विभिन्न सरकारी नौकरियों के अवसरों तथा इन क्षेत्रों में उपलब्ध संभावनाओं का भी संक्षिप्त परिचय दिया।

शाखा के उद्देश्य, परियोजनाएं एवं इंटर्नशिप : डॉ. रवि सिंघल ने विद्यार्थियों को संबंधित शाखाओं के प्रमुख फोकस क्षेत्रों एवं पाठ्यक्रम से अपेक्षित अधिगम परिणामों (Course Outcomes) के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों के तकनीकी एवं व्यावहारिक ज्ञान को विकसित करने में परियोजनाओं (Projects) और इंटर्नशिप के महत्व पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कंपनियों में कार्य करने की वास्तविक कार्यसंस्कृति (Working Culture) को समझने के लिए इंटर्नशिप के अनुभव को महत्वपूर्ण बताया।

रिज्यूमे निर्माण एवं उच्च शिक्षा : विद्यार्थियों को प्रभावी रिज्यूमे (Resume) निर्माण के संबंध में भी मार्गदर्शन दिया गया। उन्हें अपने तकनीकी कौशल, परियोजनाओं, इंटर्नशिप एवं उपलब्धियों को व्यवस्थित रूप से प्रस्तुत करने के महत्व से अवगत कराया गया। इसके साथ ही, मास्टर डिग्री (Masters) करने के लाभों तथा उच्च शिक्षा के माध्यम से विशेषज्ञता एवं करियर के बेहतर अवसर प्राप्त करने की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई।

प्रयोगशालाएं एवं व्यावहारिक अधिगम : विद्यार्थियों को IET DAVV की तकनीकी प्रयोगशालाओं, कार्यसंस्कृति एवं प्लेसमेंट संबंधी आंकड़ों से अवगत कराया गया। माइनर डिग्री एवं अतिरिक्त क्रेडिट प्रणाली: विद्यार्थियों को माइनर डिग्री, अतिरिक्त क्रेडिट, NPTEL पाठ्यक्रमों तथा संबंधित योजना की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का समापन : विद्यार्थियों को शाखा के शैक्षणिक एवं व्यावसायिक अवसरों, प्लेसमेंट, तकनीकी कौशल, परियोजनाओं, इंटर्नशिप एवं उच्च शिक्षा के विकल्पों पर मार्गदर्शन मिला।

समग्र रूप से, यह सत्र इलेक्ट्रिकल, ई एंड आई तथा ई ऐंड टी-सी शाखाओं की शैक्षणिक संरचना, करियर एवं कौशल विकास के अवसरों को समझने का प्रभावी माध्यम रहा।











## Day 6 (22nd August): कंप्यूटर साइंस एंड बिजनेस सिस्टम, बैचलर ऑफ डिजाइन एवं एप्लाइड साइंसेज के स्नातकोत्तर विद्यार्थियों हेतु इंडक्शन कार्यक्रम का प्रतिवेदन

आईईटी डीएवीवी में कंप्यूटर साइंस एंड बिजनेस सिस्टम (सीएसबीएस), बैचलर ऑफ डिजाइन (बी. डिज़ाइन) तथा एप्लाइड साइंसेज के स्नातकोत्तर विद्यार्थियों हेतु विशेष इंडक्शन एवं परिचयात्मक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को शैक्षणिक व्यवस्था, करियर अवसर, प्लेसमेंट, तकनीकी-व्यावसायिक कौशल, परीक्षा प्रणाली, नेटवर्किंग एवं उपलब्ध संसाधनों से परिचित कराना था।

कंप्यूटर साइंस एंड बिजनेस सिस्टम (सीएसबीएस) विभागाध्यक्ष (एचओडी) श्री चंद्र प्रकाश पाटीदार, ने शाखा के बारे में जानकारी प्रदान की। उन्होंने एआईसीटीई अनुमोदन, ब्रांच चेंज, तकनीकी ज्ञान, सकारात्मक सोच एवं स्वास्थ्य के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों से कॉलेज परिसर को स्वच्छ एवं अनुशासित बनाए रखने में सहयोग करने का आग्रह किया।

शैक्षणिक, करियर एवं व्यावसायिक विकासः प्रोफ़ेसर श्री धीरज मंडलोई ने विद्यार्थियों को एकेडमिक करियर, प्रोफेशनल ग्रोथ व संसाधनों की जानकारी देते हुए भविष्य के व्यावसायिक विकास पर ध्यान देने हेतु प्रेरित किया। एलुमनाई एसोसिएशन के कोऑर्डिनेटर श्री शरद चौधरी, ने विद्यार्थियों को एलुमनाई नेटवर्क के महत्व, उद्योग से जुड़ने, अनुभवी लोगों से सीखने और प्रोफेशनल नेटवर्क मजबूत करने तथा बदलती इंडस्ट्री रिक्वायरमेंट्स के अनुसार कौशल विकसित करने हेतु प्रेरित किया।

करियर दिशा एवं करियर मार्गदर्शन: सीपीसी श्री रविंद्र जी ने विद्यार्थियों को करियर दिशा कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्लेसमेंट केवल कोडिंग पर निर्भर नहीं करता। कंपनियां विद्यार्थियों के तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ कम्युनिकेशन स्किल्स, टीमवर्क, लीडरशिप, प्रॉब्लम-सॉल्विंग तथा अन्य एक्स्ट्रा करिकुलर स्किल्स को भी महत्व देती हैं। श्री शरद लाड़, सीपीसी, ने विद्यार्थियों को नेटवर्किंग, सीएसई, आईपीएम एवं उभरते तकनीकी क्षेत्रों की जानकारी दी। एआई/एमएल के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डालते हुए विभिन्न टेक्निकल डोमेन्स में रुचि अनुसार विशेषज्ञता विकसित करने तथा डोमेन स्पेसिफिक टर्मिनोलॉजी समझने के लिए प्रेरित किया।

कॉलेज ईमेल एवं नेटवर्क सर्विसेजः श्री वैभव जैन ने विद्यार्थियों को कॉलेज ईमेल आईडी के महत्व एवं उपयोग की जानकारी दी। महत्वपूर्ण सूचनाएं, अनाउंसमेंट्स व एनपीटीईएल कोर्सेज की जानकारी ऑफिशियल ईमेल पर प्राप्त होने तथा डीएवीवी आईटी सेंटर द्वारा नेटवर्क सर्विसेज उपलब्ध कराने की जानकारी दी।

परीक्षा प्रणाली एवं नियमः सीनियर एग्जामिनेशन सुपरिंटेंडेंट श्रीमती उमा भट्ट, ने विश्वविद्यालय की क्रेडिट-बेस्ड परीक्षा प्रणाली, न्यूनतम दो टेस्ट में उपस्थिति की अनिवार्यता तथा परीक्षा नियमों की जानकारी दी। आवश्यक उपस्थिति न होने पर एंड-सेमेस्टर परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेंगे। यूएफएम पूर्णतः प्रतिबंधित है और सभी नियमों का पालन अनिवार्य है।

प्रशासनिक दिशा-निर्देश एवं छात्रवृत्तिः एडमिनिस्ट्रेटिव हेड श्री परेश अत्री ने विद्यार्थियों को प्रशासनिक प्रक्रियाओं तथा छात्रवृत्ति से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि पहले ही वर्ष में अपने करियर की दिशा निर्धारित करने का प्रयास करें, जिससे भविष्य में सही निर्णय लेने में कठिनाई न हो।

कार्यक्रम का समापन कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सीएसबीएस, बी. डिज़ाइन एवं एप्लाइड साइंसेज के करियर, प्लेसमेंट, इंटर्नशिप्स, एआई/एमएल, नेटवर्किंग एवं परीक्षा प्रणाली की जानकारी मिली। इंडक्शन कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को शैक्षणिक, तकनीकी एवं व्यावसायिक विकास हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।








I.E.T.
D.A.V.V. INDORE



## Day 7 (24th August): 'उड़ान-2026' के अंतिम दिवस का संक्षिप्त प्रतिवेदन
## कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण

'उड़ान-2026' के अंतिम दिवस की शुरुआत फोटोविस्टा से हुई, जिसके पश्चात उड़ान कार्यक्रम की संक्षिप्त पुनरावृत्ति प्रस्तुत की गई।

कार्यक्रम में संस्थान के निर्देशक डॉ. प्रातोष बंसल एवं इंडक्शन की संयोजक डॉ. स्वर्णा तोगल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भजन/भक्ति गायक श्री विक्रम हजरा जी का स्वागत किया गया। श्री विक्रम हजरा जी ने भगवान शिव की भजन प्रस्तुति से कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने संगीत के विकास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार सितार जैसे पारंपरिक वाद्य यंत्रों से प्रेरणा लेकर आगे चलकर गिटार जैसे आधुनिक वाद्य यंत्रों का विकास हुआ। इसके पश्चात उन्होंने देना हो तो दीजिए जनम जनम का साथ तथा श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी जैसे भजनों की सुंदर प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने हरि गीता के माध्यम से भगवद्गीता के संदेश को जीवन में अपनाने के महत्व पर विशेष चर्चा हुई। यह संदेश दिया गया कि केवल गीता का सार सुनना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसके विचारों में से उन बातों को अपने जीवन में उतारना आवश्यक है जो हमारे व्यवहार और सोच को बेहतर बना सकें। अर्जुन को गीता के संदेश को समझने में लगे अठारह अध्यायों का उदाहरण देते हुए जीवन में धैर्य और निरंतर सीखने के महत्व को समझाया गया।

इसके पश्चात इसके बाद द आर्ट ऑफ़ लिविंग फ़ाउंडेशन में वरिष्ठ प्राध्यापक श्री सुनील जैन जी ने अपने प्रेरणादायक विचारों से कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। अपने अनुभवों के माध्यम से YES+ कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार यह कार्यक्रम युवाओं में आत्मविश्वास, कौशल और सकारात्मक सोच को विकसित करने में सहायक हो सकता है। उन्होंने सुदर्शन क्रिया और YES+ के माध्यम से जीवन में आने वाले सकारात्मक बदलावों पर भी चर्चा की। अपने वक्तव्य में उन्होंने विभिन्न प्रसिद्ध व्यक्तित्वों का उदाहरण देते हुए बताया कि किस प्रकार सकारात्मक सोच और सही दिशा जीवन को अधिक सहज और प्रभावी बना सकती है।

इसके पश्चात यस + के टीम मेंबर हर्ष सैनी जी ने व्यवसाय और व्यक्तिगत विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि एक व्यवसायी के लिए स्वयं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करना और जीवन में आने वाली परिस्थितियों को सही तरीके से संभालना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित करने की जानकारी भी दी, जिसमें व्यक्तित्व एवं व्यावसायिक कौशल के विकास पर ध्यान दिया जाएगा। डॉ. राशि जी ने आयुर्वेद और उसके महत्व के विषय में जानकारी साझा की तथा स्वस्थ जीवनशैली के लिए पारंपरिक ज्ञान को समझने और अपनाने पर बल दिया। उन्होंने एक महत्वपूर्ण विचार प्रस्तुत किया कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किसी एक पेशे तक सीमित करना नहीं, बल्कि व्यक्ति को जीवन में सही दिशा प्रदान करना है। यह विचार विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से प्रेरणादायक रहा।

कार्यक्रम का समापन डॉ. खुशी जी एवं ऋत्विक जी द्वारा भगवान राम और भगवान श्रीकृष्ण के भजनों की मनमोहक प्रस्तुति के साथ हुआ। उनकी प्रस्तुति ने पूरे कार्यक्रम को आध्यात्मिक और सकारात्मक वातावरण प्रदान किया।

निष्कर्षः समग्र रूप से यह कार्यक्रम संगीत, आध्यात्मिकता, व्यक्तित्व विकास, आयुर्वेद, व्यवसायिक कौशल और युवा सशक्तिकरण का सुंदर समन्वय रहा। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को न केवल मनोरंजन और सांस्कृतिक अनुभव प्राप्त हुआ, बल्कि जीवन में सही दिशा, सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और सीखी हुई बातों को व्यवहार में उतारने का महत्वपूर्ण संदेश भी मिला।


THE ART OF LIVING
INSTITUTE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
Devi Ahilya Vishwavidyalaya, Indore
WELCOMES YOU TO
उड़ान
Student Induction Programme 2026
WELCOMING
SHRI VIKRAM HAZRA
24th August 2026
DAVV Auditorium, Indore









## Programme Outcomes / Key Takeaways (कार्यक्रम के मुख्य निष्कर्ष)

सात-दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम 'उड़ान-2026' के गरिमामयी एवं सफल समापन के उपरांत प्राप्त प्रमुख निष्कर्षों का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है:

- **शैक्षणिक स्पष्टता (Academic Clarity):** नवागंतुक विद्यार्थियों ने संस्थान की शैक्षणिक नीतियों, माइनर डिग्री प्रोग्राम तथा सीबीसीएस परीक्षा प्रणाली के जटिल नियमों को आत्मसात किया।
- **करियर और प्लेसमेंट (Career & Placement):** 'करियर दिशा' जैसे अभिनव प्रयासों एवं उद्योग विशेषज्ञों के मार्गदर्शन से विद्यार्थियों को प्रारंभिक वर्ष से ही भविष्योन्मुखी लक्ष्य निर्धारित करने की प्रेरणा प्राप्त हुई।
- **व्यक्तित्व विकास (Personality Development):** विभिन्न सांस्कृतिक, खेल एवं आध्यात्मिक सत्रों के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण उत्थान हेतु उनमें आत्मविश्वास, सामूहिक कार्यक्षमता एवं सकारात्मक दृष्टिकोण का संचार हुआ।
- **सुदृढ़ नेटवर्क (Strong Networking):** अनुभवी पूर्व छात्रों (Alumni), वरिष्ठ विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों के साथ जीवंत संवाद स्थापित होने से नवागंतुकों को एक अत्यंत सहयोगात्मक वातावरण सुलभ हुआ।

## Organizing Committee & Key Contributors (आयोजन समिति एवं प्रमुख योगदानकर्ता)

### Core Organizing Committee & Faculty (मुख्य आयोजन समिति एवं संकाय):

- **Director:** Dr. Pratosh Bansal
- **Chief Coordinator, Udaan 2026:** Dr. Suwarna Torgal
- **Faculty Coordinators:**
    - Dr. Sharad Choudhary
    - Dr. Dheeraj Mandloi
    - Dr. Chandrashekhar Chouhan
    - Ms. Nilima Karankar
    - Dr. Arpit Agrawal
    - Dr. Ruchi Singh
    - Dr. Aarti Sharan
    - Ms. Vedpriya Dongre
    - Ms. Sneha Moghe
    - Dr. Shailendra Pathak
    - Dr. Tapesh Sarsodiya
    - Dr. Ashish Panchal

## Event Leads & Core Coordinators (कार्यक्रम प्रमुख एवं मुख्य समन्वयक):

- **Harshvardhan Bansal:** Overall & Discipline Lead
- **Aarnav Sharma:** Overall Co-Lead & Report Writing Lead
- **Harshita Sanap:** Operations, Stage & Anchoring Lead
- **Pushya Gupta:** Overall Lead
- **Bhagya Asati:** Overall Co-Lead
- **Vikas Kelwa:** Operations Lead
- **Manan Chimnani:** Design Team Lead
- **Aagam Jain:** Refreshment Lead
- **Daksh Baid:** Refreshment Lead
- **Harshit Thakur:** Production Lead
- **Shreyansh Maheshwari:** Production Lead

## Student Volunteers (छात्र स्वयंसेवक):

- Aadivya Kalme
- Aayush Dhruve
- Aditiya Sitola
- Aditya Dhangar
- Akhil Prem Prajapati
- Akul Gurjar
- Akul Sharma
- Aneet Jaiswal
- Anika Mahajan
- Ansha Bhaskar
- Anubhav Pande
- Anuj Raja Parmar
- Anunay Rangari
- Apeksha Rathore
- Aryan Shrivastava
- Ashish Ahirwar
- Ashutosh Thakuriya
- Avani Sharma
- Ayush Ajmeri
- Ayush Ghanghauriya
- Ayush Mishra
- Ayush Mukati
- Bhavansh Rathore

- Bhavishya Mangal
- Chanchal Jain
- Dherya Pandey
- Divya Nagar
- Divyansh Kumar Hajariya
- Divyanshi Vaishnav
- Geetanjali Bain
- Hardik Sharma
- Hariom Tale
- Harshit Ivne
- Harshit Sidharth
- Harshul Chaturvedi
- Himanshi Laddha
- Himanshu Meena
- Ishan Shahi
- Jatin Malviya
- Jay Baraskar
- Jay Singh Jat
- Jaydev Verma
- Kavya Goyal
- Kuldeep S Chawda
- Kuldeep Singh Chandel
- Lata Thakur
- Madhuri Sharma
- Mahi Khandelwal
- Medhansh Rai
- Naveen Gujjar
- Neerav Trivedi
- Parmeet Monga
- Pratiksha Chauhan
- Pratishtha Waskel
- Pulkit Jain
- Rinku Parmar
- Rishabh Chaudhary
- Rishika Singh
- Rishikesh Rathore
- Ritik Vora
- Saanwal Mishra
- Sanjana Mandrai
- Sharmishtha Nayak
- Shreyansh Tiwari

- Smriti Tigga
- Sur Doshi
- Swarali Koge
- Twinkle Asudani
- Urmila Dharve
- Vikas Lodhi
- Vinita Porwal
- Vipin Prajapati
- Vivek Argal
- Yash Sen

## Special Acknowledgments (विशेष आभार):

हम आईईटी डीएवीवी (IET DAVV) प्रशासन, समस्त संकाय सदस्यों, विभागाध्यक्षों, कर्मठ कर्मचारियों एवं मुख्य आयोजन समिति सहित सभी सम्मानित अतिथियों व वक्ताओं के प्रति उनके अमूल्य समय, सतत प्रयासों एवं प्रेरणादायी मार्गदर्शन हेतु हार्दिक कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं। आप सभी के विशिष्ट एवं सराहनीय सहयोग के फलस्वरूप ही सात-दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम 'उड़ान-2026' अपनी भव्य सफलता सुनिश्चित कर सका।

## Important Socials (महत्वपूर्ण सोशल मीडिया लिंक)

https://www.instagram.com/ietdavvofficial/

https://times.ietdavv.edu.in/

https://notices.ietdavv.edu.in/